SHRI C. K. CHANDRAPPAN: It is high time that Government comes forward with this Report before the House and let us have a discussion. In the meatime, they should assure us that this witch-hunt going on will be stopped and that they will not do anything to change the character of the Jawaharlal Nehru University. Thank you.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY: What he says is rather out of the way; there is no witch-hunt.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR (SHRI RAVINDRA VARMA): Mr. Deputy Speaker, Sir the last day of the week is a day to which both my good friend Prof. Mavalankar and I look forward, because, I have a feeling that on every such occasion he reminds us of the role that he plays as a vigilant hon. Member of the House and gives us many suggestions about matters that we should bring before the House.

As far as the two Bills which he referred to are concerned, the Bill on Defection and the Bill on Industrial Relations...

PROF. P. G. MAVALANKAR (Gandhinagar): Not defection, but Anti-defection Bill.

SHRI RAVINDRA VARMA: My. hon. friend, being a Professor, understands, that when I say Bill on Defection, it does not mean for defection, but it is the anti-defection Bill. He is well aware of it. But sometimes he is not merely a professor: but he also reminds us of the role of the mischievous student! As far as both these Bills are concerned, Government believes that it will be possible for us to introduce them before the end of the session. Then, my friend Mr. Lakkappa referred to some problems he has about realignment. I do not think I am called upon to to give him any answer or advice. Then, Sir, my good friend Mr. Mavalankar also referred to telephone facilities in urban coglomerations. These remarks of his will be conveyed to the Minister of Communications, as he wanted. I have taken due note of the comment that my hon. friend made on pensions. On the question that Mr. Chandrappan raised, Sir, I am one of those who admire his contributions very much. I have to-day also had the occasion to admire his ingenuity, the ingenuity with which he can use any occasion to bring before the House any subject that are uppermost in his mind. His remarks about to-day's newspapers almost made me feel that I was listening to someone reading the "Stop Press" news. I have nothing more to add.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Varma, you can move the motion now.

---

**11·16 hrs.**

## BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

### TWENTY-SECOND REPORT

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR (SHRI RAVINDRA VARMA): I beg to move:

> "That this House do agree with the Twenty-second Report of the Business Advisory Committee presented to the House on the 11th August, 1978."

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

> "That this House do agree with the Twenty-second Report of the Business Advisory Committee presented to the House on the 11th August, 1978."

*The motion was adopted.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now discussion under rule 193.

श्री उग्रसेन (देवरिया): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, केवल दो घंटे का समय है और बोलने वाले बहुत हैं इसलिए दस-दस मिनट ही टाइम दिया जाये।

---

**11·17 hrs.**

## DISCUSSION RE: ANNUAL RAVAGES OF FLOODS IN VARIOUS PARTS OF THE COUNTRY

SHRI PURNANARAYAN SINHA (Tezpur): Sir, I beg to raise a discussion on the annual ravages of floods in various parts of the country.

Sir, it is with a great amount of regret that I have to mention before the hon. Members of the House of the calamities which have been perpetrated by the two rivers of India, viz. Ganga and Brahmaputra, perennially, from year to year for the last 50 years. The present picture, in 1978, is this:

In Assam, the Brahmaputra and its tributaries breached at 19 places, flooded 2·29 lakh hectares, affecting a population of 2 lakhs in 440 villages. They destroyed 0·19 hectare of jute and paddy crops. Officially 2 lives were lost, in addition to some heads of cattle.

In Bihar, the Adhwara group of rives Bagmati Punpun and Kosi affected the districts of Champaran, Sitamarhi, Muzaffarpur, Samastipur, Monghyr, Sahrsa, Darbhanga and Bettiah; they flooded 5·17 hectares, affecting 30 lakhs of population, damaging crops over 1·70 hectares, valued at Rs.12·58 l khs. 24,000 families were uprooted, because of damage to their houses. Public utilities worth Rs. 0·47 lakhs were damaged and 27 human lives and 4 heads of cattle were lost, according to Government reports.

In Rajasthan, the districts of Jhunjhunu, Sikar, Churu, Bharatpur, Alwar Jaipur, Bikaner and Sri Ganga Nagar were flooded, damaging crops over 2·81 lakhs hectares, affecting 75,000 people, 91,000 houses and taking 61 human lives—all worth Rs. 5 crores.

In Uttar Pradesh, Ghagra and Rapti in eastern UP flooded Gonda, Basti, Baharich and Gorakhpur affecting 8100 villages with 37 lakh people were affected and crops over 12·55 hectares were damaged and 116 human lives and 284 heads of cattle were lost. Total damage is estimated at Rs. 10 crores.

These are all official figures. Government's preliminary reports indicate that upto 31-7-1978, 23·46 lakhs hectares of area was affected, involving 72·7 lalkh: of people, and crops over 1·90 hectares were damaged and public utilities worth Rs. 90·53 lakhs were damaged. And there was a loss of 203 human lives and 820 heads of cattle.

These are the official figures. Non-official figures had been discussed in this House earlier, and in the other House also. We find that in Assam more than 7 lives had been lost and 450 heads of cattle perished ; nearly 200 lives were lost in U.P. and 138 lives in Bihar, 63 to 70 in Rajasthan. A total of 750 human lives and 43,000 heads of cattle are being lost every year in floods in India.

The latest news this morning is that Ganga and Ram Ganga have also crossed the danger mark and the western U.P. districts of Saharanpur and Uttar Kashi are in danger and army has been called out to take up rescue operations. It has been stated that both Assam and Bihar have not asked for any money for relief measures whereas U.P. had asked for Rs. 50 crores. With the consent of the Chief Minister of Assam as far back as June, I sent a telegram to the Prime Minister for Rs. 60 lakhs for distribution as relief and for plugging some breaches in Assam. I come to understand that the State Government have not officially sent any communication. The hon. Minister of State, Shri Bhanu Pratap Singh, stated in the other House that; Rs. 633 crores were spent in 30 years and that this government will spend Rs. 680 crores in the next five years. In India 25 million hectares will be affected by flood every year of which 37·5 per cent area is protected by flood control work: and the government proposes to raise it to 50 per cent in the coming five years. Considering the flood situation and whatever discussions that have taken place in this House and in the other House and also what the government proposes to do, this has to be considered as grave.

In the meanwhile, I have some knowledge of what has been happening and I could say from the records that in the last 48 years, thirteen committees, expert committees and central investigation teams were sent to the Northeastern areas to assess the extent of damage. In 1929 the Government of India flood enquiry committee suggested that the river Brahmaputra should be dredged. in order to deepen it so that all the water that floows down from China would be drained out into the Bay of Bengal. Later, one manr Mazumdar Committee suggested multipurpose moderation dam in some rivers including Brahmaputra. In 1958 the Central Government Committee had approved construction of dams. The Ministers' Committee in 1964 also approved the construction of dams to hold the waters of rivers Brahmaputra, Dehang and Subansiri in order to check the floods. In 1970 two foreigners, W.A. Stuff and H.E. Weller suggested erection of multi-purpose water reservoirs at the roots of Dehang and Subansiri in Upper Assam. In Dehang there should be a 700 feet high dam holding 20 million cubic feet of water to generate 4000 megawatt hydel power and in Subansiri the dam should be 500 feet high to hold 15 million cubic feet water to generate 2500 megawatt hydel power. In 1977-78 one expert Committee followed the visit of Irrigation Minister Shri Barnala in a helicopter. The total number of teams so far sent to assess flood damages and messure to be adopted are thirteen in number in the last 48 years of our national existence suffering from floods. As you know, the bed of the river Brahmaputra was shallowed down by the earthquake in 1950 which shook all eastern Assam. From Sadiya downwards up to Daubri the river became shallow. So, every year the water spreads into the banks and there occurs so much damage. I am only giving rough figures of the damages caused last

[Shri Purnanarayan Sinha]

year. According to this comprehensive; report prepared from the Government statements, 145 lives were lost, 21,35,533 people were affected over 7,951·80 sq. km. damaging crops standing over at least 2,22,081·62 hectares valued at Rs. 20,14,27598. Residential houses of an estimated value of Rs. 93,42,634 and public utilities valued at Rs. 38,39,663 were destroyed in the floods that passed over Assam in 1977. The extent of damages caused in Bihar and U.P. may be better estimated by Members from those States who have a first-hand knowledge of their own States. Last Year in Assam all the 20 sub-divisions were affected, 17 by the river Brahmaputra and 3 by the river Barak in Cachar.

What is Assam ? You move along the mid-stream of Brahmaputra and stretch your hands. On either side lies the whole of Assam, with all its resources from paddy to crude oil and natural gas, with all its ancient culture. Assam is full of natural resources. It pays about Rs. 3000 crores of revenue directly and indirectly to the rest of India and the Indian Government every year. But Assam is being perennially damaged by floods. The greatest river is land of the world, Majuli, which is the seat of Assamese Vaishnav culture, is being eroded from year to year. What is left now is only about 50 % of what was originally there. The Satra is the place where our gurus and religious preceptors live it is the centre of Sanskrit education and religous education. But in fraction it has been dispersed here and there all over the State because of the erosions caused by floods. The river Brahmaputra is about 2880 km. long, of which 900 km flow through Indian territory before it enters Bangladesh. Including the major earthquakes of 1897 and 1950, there have been 471 earthquakes over the last 80 years in Assam. Of these, the earthquakes in 1897 and 1950 were the worst which caused extensive damages to lives and proporties. Therefore, this riverhasto be tamed. Something must be done to check the floods which cause so much damage every year not only in Assam but in other parts of North India. We have all the time been asking the Government to take some measures. What are the measures which have been indicated ? I am not stating something on my own, but I am only borrowing whatever statements have been made by the Government. Mr Bhanu Pratap Singh said in the Lok Sabha :

"Whatever figures of loss had been given they were received. from the State Governments because the Central Government has no agency other than the State Governments to collect necessary information about loss caused by floods. There is no doubt that there have been huge loss of life and property caused by these floods. The main reason for it was that floods came suddenly in the third week of July and people did not get any time to evacuate their stock of foodgrains.

However, the loss caused by floods could not be minimised. The information and statistics regarding that loss was based on the information and statistics supplied by the State Governments.

Our Government had made an endeavour to tackle this problem with the cooperation of Nepal Government. During our Prime Minister's last visit to Nepal, it had been accepted in principle that both the Governments would jointly takemeasures to formulate flood control schemes. Those schemes were now under preparation, but they would certainly take some time".

And in the other House, the same minister has stated :

"According to that scheme Committees had been set up. The engineers and experts of both the countries were finalising the schemes. Since it was an international plan and for that we would have to provide electric power and it would take time for its completion". The Ministers assured that there would be no delay in the work on account of finance and as soon as the survey work was completed and their blue prints were ready the work would start.... He further stated :

"Regarding the Brahmaputra, the work would be completed soon. A Bill had been prepared and sent to the States concerned for their comments. The final decision of the State had been received on 17th July..".

"Regarding the Ganga-Cauvery national grid..".

Now in summarising what the Government has said, the Government is interested in arriving at a cordial, I should say, understanding or agreement with Bangladesh, to keep Bangladesh river waters flowing all the year round. Bangla-

desh depends entirely on the Ganga Basin and the water that flowed down by Ganga into Bangladesh. Bangladesh wants to have good relations with Nepal and so it wants to finalise these schemes with Nepal Government so far as Ganga and its tributaries are concerned. Bangladesh does not very much depend on the water of Brahmaputra and as it nautrally flows down into Bangladesh. they can utilise it in whatever way they like

Therefore. I would speak with a great amount of vehemance against the steps taken by the Government of India so far as the control of Brahmaputra is concerned. We have at the same time to consider that Brahmaputra flows from Manasarover in Tibet and China and unless the river is controlled somewhere in China or in the hills, it will not be possible to check the floods that comes every year and takes a heavy toll of life. On an average, 750 lives are taken every year by the floods in India and 43,000 heads of cattles perish as I said earlier. Considering the extensive damage that is caused every year, could our Government sleep over the subject ? Could they show us the example of dav dreaming that there will be a girdle of canal, all over the country. Somebody suggested that in order to check floods coming down to the plains, there should be a deep cannal allround the Himalayan foothills, in order to allow the water to flow down sea Rajasthan to Cauvery and then on to South and then come back to Bay of Bengal. This is a day-dream and it will cost crores of rupees, if at all it is possible and it will take scores of years and decades will pass by before the results are seen. So, our Government must not sleep over such day dreaming projects as Ganga-Cauvery Link Project or girdles all over the country, as was planned by some engineer.

One ex-Minister—while he was — Minister, he did not take up any plan or project—after he was turned out of the Cabinet, he is Mr VKRV Rao—he published a book in which he encouraged such a girdle all over the country in order to check floods and guarantee the flow of water in every river all the year round. It is a pious wish and wishful thinking. I do not believe that will come up in our lifetime, in the lifetime of most of the hon. Members, of this House.

I want that something concrete should be done. I come from a State viz., Assam the greatest problem of which is floods. It is from Brahmaputra. When I went to take my bath in Brahmaputra, I was taught to recite this sloka :

मोम् ब्रह्मत्र महा भाग शान्तनो: कुलनन्दन,
ममोघ गर्भसम्भूत: पापं लोहिते मे हर ।

As I have been reciting this sloka I consider it a river of my virtue, a river of my *dharma*, a river of my *mosha*. But it has proved to be a river of my sorrow, perennial sorrow. From Brahmaputra, it has now come to Ganga :

ओं विष्णु पादधंशक्मुनठगठगे त्रिपथगामिनी,
धर्म द्रविति विख्यात पापं मे हर जान्हवी ।

Since it has becomer बहुपथगामिनी It is extending its ravages upto Ramganga, Uttar Kashi and Bhagirathi. It has taken a turbulent form and it has been causing extensive damage.

I would urge upon the Government and also upon this House to take some urgent concrete steps to control the flood situation in the country. All the information that is available is not at my command at the moment in respect of other States. But coming from Assam as I do, I appeal to the Government if it is necessary, we could go to the World Bank, to the UNO for help. This is an international problem. It concerns China, it concerns India; it concerns Bangladesh. It is an international question. We have been sending our delegations to the UNO to address it on different subject s but not on this subject of floods which has been causing so much of damage every year to our people, taking a heavy tool of precious lives of people and also of valuable cattle and causing loss of property. The deep-set villages as cultural centres of the Assamese civilisation are being croded and engulfed by the river Brahmaputra from year to year.

The fine old city of Dibrugarh is nowhere on the surface. It is in the mid-stream. It has to be shifted miles downwards to the south in order to be located in temporary sheds. That is what is happening. My constituency of Tezpur has got hills on the banks of the river Brahmaputra. It will be split into two by the Channels of Brahmaputra unless some steps are taken immediately to check the floods.

So, I would humbly request the Government not to sleep over this matter but to take some concrete measures. I would urge upon the Government to do something about it not only in Assam but also in Bihar and other flood-aflected States.

I understand—I have not seen it—in China, they have harnessed all the hill rivers by constructing small chains of

[Shri Purnanarayan Sinha]

hydel projects. They have created enough power. Each hydel project is independent of the other due to overhead links, if one project fails, the other project continues to supply power. That gives an unending supply of power. There is an acute shortage of power in West Bengal. They are asking for more power. There is shortage of electricity. If this power is created in the Ganga basin, in hill rivers from Nepal or hill rivers from the Himalayas in Assam, there will be an abundant supply of power in the eastern parts of India and it will be able to supply power to northern parts of India between Assam to Delhi.

In the end, I again submit and urge upon the Government not to sleep over the matter and to take urgent steps to harness all the resources at their disposal in order to check floods, and save the precious lives of the people, the valuabe cattle and the loss of property.

SHRI H. L. PATWARY (Mangaldas): I would like to draw attention of the House to thefact that Brahmaputra is a female river and all the others are female rivers.

**श्रीमती मोहसिना किदवाई** (आजमगढ़) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आभारी हूं कि आप ने मुझे मौका दिया। यह बड़ी अहम चर्चा फ्लड के बारे में इस सदन में होने जा रही है। उस के लिए मैं आप के सामने चन्द बातें रखना चाहती हूं। हमारे देश में कुछ एरियाज ऐसे हैं जहां फ्लड्स तकरीबन हर साल आता है और उसी के मुताबिक उस के लिए काम किया जाता रहा है। बहुत से ऐसे कमीशन बैठे हैं, कमेटियां बैठी हैं जिनका काम यह रहा है कि वह फ्लड कंट्रोल की तरफ देखें और उस के लिए कुछ ऐसे नये उपाय निकालें जिस से उन से बचा जा सके। मैं यह मानती हूं कि यह कुदरती आफत होती है जो सैलाब की सूरत में हमारे पूरे देश और प्रदेशों को बहुत ज्यादा डैमेज करती है, बहुत नुकसान पहुंचाती है। हर साल पूरे देश में तकरीबन 7.4 मिलियन हैक्टर जमीन उस से प्रभावित होती है और आप को सुन कर ताज्जुब और अफसोस होगा कि उस में से तकरीबन 50 परसेंट यानी 3 मिलियन के करीब वह जमीन होती है जो ऐग्रीकल्चरल लैंड होती है। हर साल इतनी जमीन और इतनी काश्त फ्लड के जरिए बरबाद होती है जिस का अन्दाजा नहीं किया जा सकता। यह आफिशियल रिपोर्ट्स के मुताबिक है लेकिन मैं दावा कर सकती हूं कि इस से कहीं ज्यादा जमीन अफेक्टेड होती है और उस के साथ लाखों लोखों की रोजी रोटी जाती है, जिन्दगी का नुकसान होता है, जो उन के बच्चों के बराबर जानवर होते हैं उनका नुकसान होता है।

इस समय मैं अपने प्रदेश के बारे में ज्यादतर कहूंगी। हमारे प्रदेश में 1969 के बाद यह एक ऐसी बाढ़ आई है कि जिस में करोड़ों नहीं अरबों रुपये का नुकसान हुआ है। जहां तक कुदरती आफत है वहां मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ और पूरे दावे के साथ कह सकती हूं कि इस में हमारे प्रदेश के ऐडमिनिस्ट्रेशन का निकम्मापन, उन की नाअहिली और वक्त के ऊपर जो स्टेप्स उन्होंने नहीं लिए, उस की वजह भी शामिल है जिससे कि हजारों जानें गईं, लाखों एकड़ का नुकसान हुआ, खेती गई और आइन्दा दो साल तक वहां कोई फसल मिलने वाली नहीं है। जो हमारे पूर्वी उत्तर प्रदेश में तबाही आई है उस का कारण यह है कि जो नेपाल से नदियां निकलती हैं (व्यवधान).... जरा मेहरबानी कर के सुनने की हिम्मत रखिए।

पूर्वी उत्तर प्रदेश ज्यादातर अफेक्टेड होता है उन नदियों से जो नेपाल से आती हैं। मैं सब से पहले अपने प्रदेश की सरकार पर यह इल्जाम लगाना चाहती हूं और सेंटर पर भी कि नेपाल से हमेशा एक फ्लड वार्निंग सिस्टम हमारे प्रदेश में हुआ करता था। उस फ्लड वार्निंग सिस्टम के जरिए से जो नदियां वहां से निकलती थीं गंडक, नारायणी, राप्ती, उन का हमें एक आभास रहता था कि किस तरह क्या होने वाला है। फ्लड फोरकास्टिंग डिपार्टमेंट था, उस के जरिए से पता रहता था कि हमारे यहां क्या होने वाला है। लेकिन जो वह सिस्टम था वह नहीं रहा। हमारे लखनऊ के हैड क्वार्टर पर सेक्रेटेरिएट में फ्लड कन्ट्रोल रूम बना करता था। अब के उसका भी कहीं पता नहीं है। मई के महीने में एक मीटिंग हुआ करती थी क्योंकि सब को मालूम है कि कौन कौन से जिले हमारे हमेशा फ्लड से अफेक्टेड होते हैं, इसलिए आप पिछली सरकारों के वक्त का निकाल कर देखिए, हमेशा मई के महीने में एक मीटिंग हुआ करती थी जिस में डिस्कशन था कि कौन कौन सी चीजें चाहिएं, कितनी नावें चाहिएं, कितना गल्ला चाहिए, अगर फ्लड आता है तो उसका हमें क्या इन्तजाम करना चाहिए, कितने रिलीफ कैम्प बनाने पड़ेंगे, उन को खाली करना पड़े तो कौन से स्कूल कालेज या म्युनिसिपल बोर्ड की बिल्डिंग में कहां उन को ले जाया जायगा, इन सारी बातों के बारे में मीटिंग निश्चय किया जाता था। अब की बार कोई नहीं हुई। हमेशा अपोजीशन पार्टीज जितनी भी होती थीं उन को इस में इन्वाल्व किया जाता था कि आप आइए और बताइए कि हम क्या कर सकते हैं। लेकिन उन की कोई मीटिंग नहीं हुई। जिला हैडक्वार्टर को तो छोड़िए, स्टेट हैडक्वार्टर में भी कोई मीटिंग नहीं हुई। कम से कम मुझे नहीं मालूम, ऐसी कोई मीटिंग हुई है या नहीं

तीसरी चीज यह है कि दरियायें जो उधर बहती हैं उनसे इस वक्त सबसे ज्यादा नुकसान उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्से में हो रहा है। मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है—इसलिए नहीं कि मैं एक अपोजीशन की मेम्बर हूं बल्कि एक इनसान और इनसानियत के नाते—कि गोंडा, बहराइच, आजमगढ़

बस्ती, गोरखपुर, के जितने हिस्से हैं सब इतनी बुरी तरह से मतासिर हुए, पिछले दिनों हमारी पार्टी की अध्यक्षा, श्रीमती इन्दिरा गांधी के साथ मुझे उस इलाके का दौरा करने का मौका मिला, पांच दिन तक हमने दौरा किया, हमने देखा मीलों तक ऐसा लगता ही नहीं था कि कभी यहां पर कोई खेत थे। इस कदर वहां पर नुकसान हुआ है। 16 तारीख से फ्लड्स आने शुरू हुए और मैं अफसोस के साथ कहना चाहती हूं कि पांच दिन तक जितने भी लोग थे वे बगैर खाने पीने के पड़े रहे, उनके लिए एक नाव तक नहीं थी। जो रेलवे लाइन थी वह भी बह गई थी। कोई तरीका नहीं था सिवाय नावों और मोटर बोट्स के जिनका इंतजाम डिस्ट्रिक्ट एथारिटीज किया करती थीं लेकिन इस बार कोई इंतजाम नहीं किया गया। गोंडा में जिस वक्त आर्मी काल की गई उस वक्त आर्मी पर्सनल ने बताया कि हमें इतनी देर में बुलाया गया जबकि ज्यादातर नुकसान हो चुका जिसको कि हम बचा सकते थे। तो यह सारी कमियां हैं जो गवर्नमेंट की तरफ से रहीं। इसका नतीजा यह हुआ कि जो कुछ भी बचाया जा सकता था वह भी नहीं बचाया जा सका। जो इलाके मुतासिर हुए उनमें आजमगढ़ जिले की मगड़ी तहसील सबसे ज्यादा मुतासिर है। उसके अलावा गोंडा, बहराइच, बलिया, बस्ती, गोरखपुर, और देवरिया से चूंकि बिहार की सरहद मिलती है, छितौनी बांध की तरफ, तो उस तरफ भी इतना नुकसान हुआ है जिसकी कोई हद नहीं।

इसके अलावा आप आज का अखबार देखें। फर्रुखाबाद, कानपुर, हरदोई, सहारनपुर, शाहजहांपुर—यह सारे जिले अफेक्टेड हैं और इनमें कई जिलों में सेना काल कर ली गई है। तो ऐसी सीरियस सिचुएशन है और मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि स्टेट गवर्नमेंट ने 11 करोड़ रुपये की मांग से शुरुआत की। कहा गया कि 11 करोड़ रुपए हमने सेण्टर से मांगे हैं। मैं आपके जरिए से पूछना चाहती हूं सेण्ट्रल गवर्नमेंट से कि अब तक कितना रुपया स्टेट गवर्नमेंट को दिया गया है। 11 करोड़ से बढ़ा कर 50 करोड़ हुए और अब वह 110 करोड़ हो गये हैं। इसके अलावा और कितना चाहिये, यह पता नहीं है। मैं जानना चाहती हूं कि सेन्ट्रल गवर्नमेन्ट से कितना रुपया स्टेट गवर्नमेंट को फ्लड रिलीफ वर्क्स के लिए भेजा गया और खुद स्टेट गवर्नमेंट ने कितना खर्चा किया है वहां पर चीफ मिनिस्टर बार-बार बयान दे देते हैं कि सेण्टर से मांग की हुई है, जब आयेगा तब होगा। लेकिन स्टेट गवर्नमेंट के पास भी अपना पैसा होता है उसको भी गरीब परेशान लोगों की सहायता के लिए लगाना चाहिए। आज भी गांव पानी में घिरे हुए हैं और कुछ गांव ऐसे हैं जो कि चारों तरफ से पानी में घिरे हुए हैं जहां पर नाव के जरिए से ही पहुंचा जा सकता है। नाव के जरिए से ही कोई मदद वहां पर पहुंचा जा सकती है लेकिन अभी तक कुछ भी नहीं हुआ है। जो हमारा मधुबनी बांध है वह इनकंप्लीट है। कई ऐसे प्रोजेक्टस हैं जिनमें हमारे और दूसरी स्टेट्स के हिस्से हैं जैसे बिहार में कामा रेग्युलेटर है, यू० पी० राजस्थान को मिल कर बनाना है गोवर्धन ड्रेन, यू० पी० राजस्थान को मुश्तरका योजना है। लालपुर बांध हरियाणा यू० पी० को और छितौनी बांध बिहार और उत्तर प्रदेश को बनाना है। उत्तर प्रदेश ने अपना हिस्सा पूरा कर लिया है लेकिन बिहार ने पूरा नहीं किया है इसीलिए उधर के सारे लोग प्रभावित हैं। एक बहुत बड़े हिस्से में, बिहार में मधुबन ब्लाक तक, जो कि हेडक्वार्टर है, वहां पर लोगों ने बताया कि कम से कम साढ़े तीन हजार मवेशी मर चुके हैं और दो सौ के करीब लोग मरे हैं। आज भी अगर चलें जायें तो हमारे फील्ड्स में चार डेड बाडीज पड़ी हुई हैं। यह हाल बिहार गवर्नमेंट का है और उत्तर प्रदेश गवर्नमेंट का है और सेण्टर सहायता नहीं दे रही है जैसा कि उनका कहना है। इसलिए यह बात साफ होनी चाहिए कि उत्तर प्रदेश और बिहार को सेण्टर से कितना पैसा गया है और कितना जाना है।

उत्तर प्रदेश में जब भी फ्लड्स आते थे तो वहां की सरकार की तरफ से पहला काम यह किया जाता था जो बाढ़ पीड़ित लोग हैं उन्हें भुने हुए चने दिए जाते थे ताकि वे उससे फौरन अपनी भूख मिटा सकें। लेकिन इस बार यह कहा गया कि कांग्रेस सरकार चने देती थी और हम गेहूं दे रहे हैं। आप देखना चाहें तो मैं वह सड़ा हुआ गेहूं लेकर आई हूं। आप बतायें कि जिस इन्सान का घर बह गया, जिसके पास चूल्हा चक्की नहीं, जिसके पास बर्तन भांडे नहीं वह आपका सड़ा हुआ गेहूं लेकर क्या करेगा ? वह उस को क्या खायगा, उस को फेंकेगा ही। चना इसलिए दिया जाता था कि वह उस को खा सके। अगर कच्चा चना दिया जाए, तो उस को भिगो कर खाया जा सकता है लेकिन सड़ा हुआ गेहूं उस के किस काम का। . . .

(व्यवधान) . . इन्दिरा गांधी जी के जाने से यह जरूर हुआ कि एक किलो गेहूं की बजाए तीन किलो दिया, कुछ नावें नजर आने लगी और कुछ डाक्टरों की टीम नजर आने लगी। यह पोलीटीकल मामला नहीं है, यह इन्सानियत का मामला है। इसलिए इस को इन्सान की हैसियत से सोचना चाहिए कि क्या सहायता दे सकते हैं। मैं बड़े अदब से कहना चाहती हूं कि इमर्जेंसी की एक्सचेंज के लिए तो घूम घूम कर कहा गया था कि मिसेज इन्दिरा गांधी जो यह किया और वह किया लेकिन आज तो वाकई में प्रदेश में और पूरे देश में लोग परेशान हैं और इस प्रकार सैलाब से लोग परेशान हैं क्यों नहीं आज वे लोग उन लोगों के पास जाते हैं जोकि मुसीबत में हैं .——

(व्यवधान) . . मैं अपनी बात नहीं कह रही हूं, मैं जाऊंगी तो और न जाऊंगी तो, लेकिन आज जब वाकई लोग मुसीबत में हैं, परेशानी में मुबतला हैं . . . .

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण):** मैं बस्ती गया था और वहां पर वांसी और डुमरिया गंज में लोगों को सात दिन का खाना दिया है और साढ़े तीन किलो फी यूनिट के हिसाब से अनाज दिया है। मने वहां पर डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट को भी आर्डर दिया है . . . .

MR. DEPUTY-SPEAKER : Mr. Shoo Narain, you must know that the lady is speaking for the first time in the House and there is a tradition that we do not disturb the maiden speech of anybody.

SHRIMATI PARVATI KRISHNAN (Coimbator) : Such a senior Member should know it.

SHRI M. SATYANARAYAN RAO (Kearimnagar) : It shows that the Minister has no work in the Rail Bhavan.

**श्रीमती मोहसिना किदवई** : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं किसी के ऊपर कोई इल्ज़ाम लगाना नहीं चाहती हूं, किसी इण्डिविजुअल के बारे में कुछ नहीं कहना चाहती हूं लेकिन मैं आप से एक बात कहना चाहती हूं कि जब यह हालात हो रहे हों तो सेन्ट्रल गवर्नमेंट को स्टेट गवर्नमेंट्स को कुछ कसना चाहिए, कुछ उन को डांटना चाहिए । आज जो प्रदेशों में फ्लड की हालत है वह खराब होती जा रही है । कुछ जिलों में जहां पर नदियां डेंजर मार्क से कम हो रही हैं, तो दूसरे जिलों में वे बढ़ रही हैं । आखिर उसकी वजह क्या है । सहारनपुर में मानपुर का बांध है । वक्त पर सहायता की जाती, तो हम परेशानी से बच सकते थे । कोई भी काम नहीं किया गया । ठिठौनी रेलवे स्टेशन के बारे में एक रिकमेंडेशन थी और सेन्ट्रल वाटर कमीशन ने उसको रिकमेंड किया था कि वह बनना चाहिए ताकि पूरे पूर्वी उत्तर प्रदेश को यह मिलाए और फ्लड्स से जो लोग एफेक्टेड होते हैं, उन की परेशानी कम हो । करोड़ों रुपयों का यह प्रोजेक्ट था और उसमें 1 करोड़ रुपया खर्च भी हो चुका था सारा सामान पड़ा हुआ था । न जाने क्या परेशानी आई और वह सारा सामान उठ कर चला गया । एक करोड़ रुपया खर्च हो चुका था, वह सारा खत्म हो गया । मैं आप के जरिए इस सरकार से यह मांग करती हूं कि इस की इंक्वायरी की जाए । आखिर क्या वजह है कि जो मंजूरशुदा प्रोजेक्ट्स हैं, मंजूरशुदा चीजें हैं, उनको भी यह सरकार पूरी तरह से इम्प्लीमेंट नहीं कर रही है, जिस की वजह से वहां के लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है ।

मैं अभी पांच मिनट और लेना चाहूंगी । अभी मैंने ज्वाइन्ट फ्लड स्कीम्स की बात कही थी । इस में जो कामा रेगूलेटर है, गोवरधन ड्रेन या लालपुर का प्रोजेक्ट है, उसके लिए 32 करोड़ रुपये मंजूर हो चुका था, सैंक्शन हो चुका था लेकिन उस का भी पता नहीं कि आखिर उस पर काम क्यों नहीं हो रहा है । हमारे जो बच्चे स्कूलों में जाते हैं उन एरियाज में, उनकी फ़ीस माफ नहीं की गई, वसूली अभी भी जारी है । मैं आप के जरिए से इस सदन से और सरकार से यह दरख्वास्त करूंगी कि वसूली न सिर्फ रोकी जाए बल्कि फ़ीस माफ़ की जाए, ड्यूज भी माफ़ किये जाएं । इस फ़सल के अलावा दूसरी फ़सल भी वहां के किसानों को मिलने वाली नहीं है । एक करोड़ क्वींटल गन्ना पूरे प्रदेश में कुछ तो मिलों के न चलने की वजह से और बाद में वैसे ही पड़ा रहा । इतना वहां पर किसानों का नुकसान हुआ है । उत्तर प्रदेश सरकार की न कोई नीति है और न कोई पालिसी है । अब हर जिले में एक सर्कूलर भेज दिया गया है कि किसान गन्ना कम बोएं जब कि गन्ना बोया जा चुका है । मैं आप के जरिए इस सदन से यह दरख्वास्त करूंगी कि यह बड़ा सीरियस मामला है और फ्लड कण्ट्रोल केन्द्र के अधीन होना चाहिए । इस के लिए हर सेंटर की तरफ नहीं देखना चाहिए क्योंकि हर स्टेट अपना बचाव करने के लिए अपने यहां बांध बना देती है जो कि दूसरी स्टेट्स को नुकसान पहुंचाती हैं । इसलिए फ्लड को कण्ट्रोल करने के लिए सेन्ट्रल गवर्नमेंट का एक डिपार्टमेंट होना चाहिए जिस के जरिए से यह हो । मेरी अपनी राय तो यह है कि जो बांध बनाए जाते हैं, उनसे बहुत ज्यादा फ़ायदा होने वाला नहीं है । ड्रेनेज सिस्टम कैनाल और दरियाओं को हमने खत्म कर दिया इन बांधों के द्वारा इसलिए बाढ़ आ जाती है और उसका लेवल बहुत जल्दी ऊपर आ जाता है । बांध से पानी पूरे शहर से, पूरे एरिया में जाता है । आजमगढ़ के पूरे जिले के बीच में से नदी बहती है । शहर के अन्दर से बहती है । इसमें आगे बढ़ते जाइए तो आप देखिएगा कि बस्ती में और देवरिया में भी बाढ़ का खतरा है । नौगढ़ की तहसील सब से ज्यादा मुतास्सिर हुई है ।

इस बारे में मैं एक बात और कहूंगी । हम लोग सब चीजों को पोलिटिकल लेवल पर ले जाने के आदी हैं गोंडा के एरिये में जरा बराबर, एक पैसा बराबर की मदद नहीं दी गई है । जो नौगढ़ तहसील है वहां हमारी कांग्रेस के एम० एल० ए० हैं । लेकिन वहां मदद नहीं दी गई । हद यह है कि एक नाव तक हमारे कांग्रेस के कर्त्ताओं को नहीं दी जा रही है । अगर नाव वगैरह दी जाती तो बहुत काम हो सकता था । हमेशा वालण्टरी आरगेनाइजेशंस का इन्वाल्वमेंट होता रहा है जिससे कि ज्यादा से ज्यादा लोगों की मदद हो जाए । अगर आप सब की मदद लें तो हजारों मन गल्ला और हजारों कपड़ा इकट्ठा हो सकता है जिससे कि सैलाबजदा लोगों की मदद हो सकती है । पहले जिन जिलों में सिटीजंस काउंसिल थीं, पता नहीं व अभी एग्जिस्ट कर रही हैं या नहीं—लेकिन उनकी आज तक मीटिंग नहीं बुलाई गई है और न कहा गया है कि आप हमारी मदद कीजिए । यह एक इंसानी मसला है, ह्यूमन प्राब्लम है और इसको इसी तरह से लेना चाहिए ।

एक बात मैं और कहना चाहती हूं कि हमारी पार्लियामेंटरी कांग्रेस के मेम्बरों ने यह तय किया है कि जितने भी हमारी कांग्रेस के मेम्बर हैं वे सौ रुपये फ्लड के लिए देंगे । हमारी असेम्बलीज के मेम्बर भी देंगे और कांग्रेस के दूसरे वर्कर्स भी देंगे ।

मैं आपकी बहुत मशकूर हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया ।

**डा० रामजी सिंह** (भागलपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, नियम 193 के अन्तर्गत इस सभा में बाढ़ के विषय में चर्चा हो रही है ।

MR. DEPUTY SPEAKER : Dr. Ramji Singh, let me remind you that there are several speakers who want to take part in the debate. Therefore, I will restrict it to 10 minutes per speaker.

**डा० राम जी सिंह :** उपाध्यक्ष महोदय, नियम 193 के अन्तर्गत यह जो चर्चा हो रही है इसका क्षेत्र व्यापक हो गया है। "देश के विभिन्न भागों में बाढ़ से प्रतिवर्ष होने वाली क्षति के बारे में चर्चा उठायेंगे ।"

उपायक्ष महोदय बाढ़ और सूखा इस देश की जल समस्या के दो पहलू हैं। जब देश एक तरफ बाढ़ से पीड़ित होता है तो दूसरी तरफ वह सूखे से पीड़ित होता है। प्रतिवर्ष यहां की नदियां में जो पानी बहता है वह 1.68 मीलियन क्यूबिक मीटर पानी है। इस देश में जो वर्षा होती है वह 115 क्यूबिक मीटर और 45 इंच होती है। लेकिन उपाध्यक्ष महोदय, बाढ़ से प्रतिवर्ष जो हानि होती है उसके आंकड़े इस प्रकार हैं—7.4 मीलियन हेक्टेयर जमीन बाढ़ से क्षतिग्रस्त होती है, 3.4 मीलियन एकड़ की फसल नष्ट होती है जिससे हर साल 1452 करोड़ रुपए का नुक्सान होता है। बाढ़ म 693 मीलियन रुपए की प्रापर्टी नष्ट होती है और यह एनुअल एवरेज लास 2104 मीलियन रुपये का है।

12. hrs.

उपाध्यक्ष महोदय, जहां बाढ़ से इतनी क्षति होती है वहां इसका दूसरा पहलू भी है कि वहां देश म सूखे से भी बहुत क्षति होती है। ऐसी स्थिति में वाटर मेनेजमेंट के सम्बन्ध में जब बातचीत हो तो दोनों पहलुओं को सामने रख कर बातचीत हो। एक समय था जब कि श्री के० एल० राव ने यह प्रस्ताव किया था कि गंगा से कावेरी को जोड़ दिया जाए जिससे मानसून में जो बहता पानी है, वह दक्षिण भारत की शुष्क भूमि को सिंचित कर सके। इसलिए इन दोनों समस्याओं को हमें साथ-साथ लेना होगा।

उपाध्यक्ष महोदय, बाढ़ से जो क्षति हो रही है, उसके सम्बन्ध में मैं आप से कहना चाहता हूं कि देश म मेक्सिमम एरिया 174.2 है। और मिनिमम 74.2 तो इस तरह से यह सारी चीजें यहां हैं। आज ही आप ने रेडियो में सुना होगा कि सम्पूर्ण भारतवर्ष में बाढ़ की विभीषिका हो रही है। बिहार के दानापुर छावनी में पानी घुस गया है और पूर्णिया खतरे में है। उसी तरह से उत्तर प्रदेश आधा, जैसा कि बहन मोहसीना ने कहा है, बाढ़ की विभीषिका से त्रस्त है। उत्तरकाशी में भागीरथी के ब्लोकेड से जो फ्लश फलड हुआ है वह कम भयंकर नहीं है। अतः आप इस समस्या पर रिलीफ़ के दृष्टिकोण से नहीं कि कुछ चना, कपड़ा या रुपये बांट दिये, बल्कि राष्ट्रीय दृष्टिकोण से विचार करना चाहिये तभी समस्या का हल हो सकता है। यह ठीक बात है कि 20 साल में 4450 मिलियन रु० खर्च हुए थे। लेकिन जो वाटर फ्लड कंट्रोल कमीशन की रिपोर्ट है उस के मुताबिक यह समस्या इतनी बड़ी है कि जिस में 20 हजार मिलियन रुपये की जरूरत है। और यही कारण है कि इस के सम्बन्ध में बहुत सारी छोटी-छोटी योजनायें बनी हैं। लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर एक समग्र योजना का अभी तक विचार नहीं हुआ है, । मैं प्रधान मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि जनता सरकार के समय में बाढ़ नियंत्रण करने के लिये और सुखार को दूर करने के लिए दोनों को मिला कर के एक काम्प्रीहेंसिव इंटेग्रेटिड नेशनल प्लान बनाना चाहिये ।

बाढ़ के कारण तो बहुत हो सकते हैं और उन में जाना भी नहीं चाहता । लेकिन एक मुख्य कारण यह है कि नदियों के दोनों तरफ़ के किनारों में जल राशि रखने की क्षमता नहीं है । दूसरा कारण यह है कि जो जमीन में बाढ़ का पानी आ जाता है वहां ड्रेनेज सिस्टम अच्छा नहीं है जिस से पानी निकल सकें। बिहार में बड़हिया के हाल में महीनों तक पानी जमा रहता है, उसकी निकासी नहीं हो पाती है जिस से काफ़ी क्षति होती है । तीसरा कारण इरोजन और सिल्टिंग आफ़ रिवर बैड्स है। नदियों में सिल्ट भर जाती है और पानी का निकास नहीं होता है। चौथा कारण भूकम्प और भूस्खलन भी है। आज उत्तरकाशी में भागीरथी के ब्लोकेड के कारण और जब हटा तो किस प्रकार का फ्लैश फ्लड आया है । और उसका ख़तरा बढ़ गया है । एक कारण और है किनारों के तूफ़ान का । यह बातें मैं इस लिए रख रहा हूं कि तात्कालिक दृष्टि से प्रतिवर्ष बाढ़ की समस्या पर विचार करने से कोई लाभ नहीं होगा । यह ठीक बात है कि लोग जान जायेंगे हमने बाढ़ के सम्बन्ध में बिहार और उत्तर प्रदेश के सम्बन्ध में कुछ बातें कही हैं, लेकिन इस से बाढ़ की भीषण समस्या का निराकरण नहीं हो सकता है । इसलिए सुझाव आवश्यक है जिससे इस समस्या का स्थायी हल निकल सकें । पहली बात जैसे मैंने कही बाढ़ नियंत्रण के लिये एक समग्र राष्ट्रीय योजना बनानी चाहिये। अभी हमारे बाढ़ नियंत्रण के लिये हिन्दुस्तान के वैज्ञानिक यू०एस० ए० गए थे "फ्लड कंट्रोल प्रोसीजर और प्रैक्टिस इन यू०एस०ए०" के बारे में 700 पन्ने की एक रिपोर्ट हमारे इंजीनियर्स ने वहां जा कर दी। हमारे इंजीनियर्स को भेजा गया यू० के० में "रिपोर्ट ग्रोन विजिट यू० के० " वहां जा कर देखें और रिपोर्ट दें । तो इस प्रकार हमारे इंजीनियर्स हर एक चीज देख आये हैं ।

हमारे यहां न तो इंजीनियरिंग कैपेसिटी की कमी है और न मैन-पावर की कमी है। आवश्यकता है एक साहसिक योजना की । जितनी देर इसमें हम करेंगे उतना ही जनता का नुकसान होता जा रहा है । एक-एक साल में अरबों-अरबों रुपया खर्च होता जा रहा है । पावर कमीशन की रिपोर्ट हमने देखी है कि 25 बरस के बाद बाढ़ एकेगी । इससे हर वर्ष, 10, 10 और 20, 20 अरब

[डा० रामजी सिंह]

रुपये की क्षति राष्ट्र सहेगा । इसलिये यह आवश्यक है कि अगर इस काम को हम जरूरी समझते हैं तो 25 वर्षों की योजना नहीं होनी चाहिये, बल्कि यह 5 वर्ष की योजना होनी चाहिये । जिस तरह से चीन ने यांगत्सियांग और हवांगहो जो दुखदायिनी नदियां थीं, उनको सुखदायिनी नदी में परिवर्तित कर दिया उसी तरह से हमें भी परम-पावनी गंगा-ब्रह्मपुत्र और कृष्णा-कावेरी को भी सुखदायिनी नदियों में परिवर्तित करना चाहिये, इसके लिये साहस की जरूरत है ।

जैसा कि अभी निवेदन किया, डा० राव का सपना भी हमको पूरा करना होगा कि 2,000 मील लम्बी गंगा-कावेरी नहर को भी पूरा करना होगा । इससे भी सुखाड़ और बाढ़ पर नियंत्रण होगा ।

इसके साथ ही साथ एक राष्ट्रीय बाढ़ नियंत्रण कोष की स्थापना भी करनी होगी । ठीक है, कमीशन ने कहा है कि कोई फ्लड सैस नहीं लीजिये, लेकिन यह आवे कैसे, इसके लिये कोई राष्ट्रीय कोष नहीं है । यह कोई बिहार और उत्तर प्रदेश की ही समस्या नहीं है, यह सम्पूर्ण राष्ट्र की समस्या है, इसलिये एक राष्ट्रीय बाढ़ कोष की स्थापना होनी चाहिये । इसके अलावा वैज्ञानिक और तकनीकी सुझाव हैं । हाईड्रोलोजिकल स्टडीज, फ्लड फोरकास्टिंग, सैडिमेंटेशन, इन्वैस्टीगेशन वगैरा के काम होने चाहियें, इन्हें मिट्टी को भी देखना चाहिये और रिवर ट्रेनिंग को भी देखना चाहिये । इसके अलावा बैंक स्टैबलाइजेशन वगैरा की सारी बातें हैं ।

उपाध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार जो कहती है, वह बहुत मुश्किल होता है । हमारी सरकार कहती है —

Flood control forms part of the State sector. And, therefore, the initiation, formulation and implementation of flood control schemes is the responsibility of the State Government.

यह राष्ट्रीय काम है, स्टेट गवर्नमेंट नहीं कर सकती है । मैं तो कहता हूं कि सदन इस बात का साक्षी है कि यह बाढ़ और सुखाड़ एक राष्ट्रीय समस्या है और इसको केन्द्रीय सूची में रखना चाहिये । यह कह कर कि यह राज्यों का दायित्व है, इसे नहीं टालना चाहिये । राज्यों के पास पैसा नहीं है ।

हमारे श्री भट्टाचार्य जी राज्यों की स्वायत्तता पर विश्वास करते हैं, लेकिन हम देख रहे हैं कि वह इससे सहमत हैं । इसलिये आवश्यक है कि बाढ़ नियंत्रण की समस्या को राष्ट्रीय सूची में, केन्द्रीय सूची में रखा जाये और यह कहना कि यह राज्यों का दायित्व है, ऐसा नहीं होना चाहिये ।

इन शब्दों के साथ मैं यह कहूंगा कि यह सदन इस बात का संकल्प करे कि यह बाढ़ और सुखाड़ दोनों को राष्ट्रीय समस्या के रूप में मानकर संविधान की सूची में इसे केन्द्रीय सूची में शामिल करना चाहिये और केन्द्रीय सरकार का यह दायित्व होना चाहिये ।

SHRI BEDABRATA BARUA (Kaliabor): There have been reports of floods from all over the North of this country-from Delhi to Assam. But because of my special knowledge about my State—I cannot claim the same knowledge about other States—I will try to confine myself entirely to my State.

This morning's newspapers have reported floods in various parts of the country—in my State and other States. The Parvatia Mauja sub-division of the Jorhat division has been inundated. 6 villages have been inundated. Jorhat, which is one of the most decent and beautiful towns in the whole country, was reduced only last year, to a cess-pool of muddy waters. The floods there are a normal feature. Normally they do not do much harm, excepting of course manuring the area and supplying us fish. But it has assumed a massive character this year and has ruined men and cattle, as also households. There has been spoliation of the soil, due to sand being deposited over the fertile soil.

They come very regularly to my State; sometimes they come in more devastatingly than at other times; sometimes it is more; sometimes it is less. This is the problem of Brahmaputra and its 3 tributaries. Why? There is so much rain fall and the river is shallow. It is not the mischief of Brahmaputra; this mischief the Brahmaputra tries to stave off but being too shallow it is not able to stave off. This is a vast drain, the Brahmaputra. Due to heavy rains over the Himalayas, around the Himalayas in the south, in the hills of Assam, Meghalaya and Nagaland, there is so much of water it is not only water drained from my state but also waters drained from outside my state, from all the states of Northeastern India, all those waters find their way into the Brahmaputra. The Brahmaputra is more than the Mississipi, a state like the United States solved the problem. Of course this problem is even more complicated, experts have said that this problem is more complicated because the Brahmaputra has got steep gradients; there is a lot of silting which Mississipi did not have. Then Assam happens

to be in the seizmic, earthquake area. Since 1952 the national policy had been to build embankments. The 1950-51 earthquake had raised the surface of the water. The embakments have to be raised. There is a lot of silting. There has been no understanding of the other problem, erosion problem. Hundreds of square miles of Assam's good soil is going under Brahmaputra. This can be stopped if resources were available and if dredging could be done. I know it is not entirly Centre's fault ; the Assam Government had not been able to use the dredgers properly ; I am sorry about it. But two dredgers are not enough. Dredging is important if erosion has to be stopped. I believe in this theory that more than protection work, dredging could stop erosion by dredging away the islands that obstruct the water current and makes it strike against the bank. But not even a plan has been made, not even a study has been made about our problems.

SHRI DINEN BHATTACHARYA (Serampore) : During the last 30 years ?

SHRI BEDABRATA BARUA : I blame the Central Government, not that I try to save the Central Government that existed. The previous Government at least did something ; it promised the Brahmpaputra Commission and the Brahmaputra Control Board Project. It proposed a Billl. It did something ; it went on doing something. Unfortunately the previouus government as well as this government are only opposed to providing finances. The history of the Bill had been described. Since you have told Members not to take more than ten minutes, I do not want to repeat it. A modified Bill was brought. That was done by the previous government. But the present government has imposed the silence of the grave over this problem in the last one and half years ; nothing is heard about it, nothing has been done ; no advance step had been taken. Assam is thought to be not even important enough to get the august attention of this government. That is what I seriously object to. Money is the issue. Why cannot you provide money ? River comes from China; waters from different states come. It is a soluble problem. If the river of Sorrow could be trained, why can not the Brahmaputra be trained ? When my state is concerned, somehow the problem becomes different. There are national highways on which the Central Government will spend money. For national railways, funds are provided by the Central Government. But when it comes to national waterways, even a decision that there should be a national waterway for Brahmaputra or Ganga is not taken. When it comes to backwad areas and Assam, even the decision is not taken. For other things, any amount of funds can be provided. For electrification, for railways, etc. any amount of funds are provided. For heaven's sake, please at least constitute the Board and start work on the master plan. Some plan must be there. The House will be surprised to know that all this talk about Brahmaputra has not led even to a master plan. The pen has not been put on paper. There has been no plan even to study this problem. I am not saying about solution. Not even the study has been started on the basis that certain disputes have been raised. Assam provides hundreds of crores of rupees in foreign exchange and by way of central excise. But we do not get anything. We get no income-tax because our companies are registered outside Assam. In regard to finances, we are not at the receiving end. Always a dispute is provoked. When they want to scuttle a project, they will provoke a dispute. We have got used to this. If it is a case of a B. G. line in Assam, they will say whether you want a bridge here or not ; they will try to put forward alternative proposals so that Members from Assam may be divided. But since they refuse to be divided, the Goverment will proceed at a very slow pace and probably in 30 years they would not complete it. Similarly, in regard to the paper mill, they started a dispute. The Assam Government is not very advanced and it cannot tackle these problems alone. If there is a some disturbances in Manipur, within 30 minutes the army will reach there. But if there has to be a study of the flood situation in Assam, in 30 years you cannot do it !

Brahmaputra will have to be dredged, deepened and channelised. Three is vast waste of land. In some places it is 6 miles wide which can be reduced to one mile if the channel is made deep. If somebody applies his mind. Silting has to be stopped. A conference of the Chief Ministers of the north-eastern region must be called by the Minister. There must be a limit put on deforestation. Reservoirs have to be created. I hope the Government will considder this problem with the urgency it deserves. Assam has suffered from floods perennially and it has become worse every year. The problem has gone beyond the capacity of the Government of Assam. You have given a loan of Rs. 100 crores to Assam with no effect. Any money spent by the Centre has been considered as loan. Out of Rs. 100 crores, every year

[Shri Bedabrata Barua]

Rs, 5 crores have been paid as interest. That is the most unfortunate part. Whatever grants in aid we get, Rs .5 crores are deducted towards interest for the loan. So, my State is getting steeped in loans. I hope you will write off the loan of Rs. 100 crores and help us to plan out something, which we alone, with our own capacity, cannot do. The Central Government has to help us, because we help the Central Government to earn foreign exchange by exporting tea, jute and other things.

**श्री उग्रसेन** (देवरिया) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं विगत 27 वर्षों से उत्तर प्रदेश में और अपनी सीमा के बिहार के गांवों में बाढ़ क्षेत्रों में काम करता रहा हूं। इस समय मेरा घर पानी में है। इस समय जब मैं आपके सामने बोल रहा हूं मेरे क्षेत्र के 160 गांव, रुद्रपुर कछार के, बाढ़ के पानी में हैं। मैं दस दिन वहां रहा हूं। डा० रामजी सिंह ने मेरा काम बहुत हलका कर दिया है, मैं कुछ सुझाव ही देना चाहूंगा। इस सरकार के पास और मोहतर्मा, आप भी सुन लीजिए, आपकी सरकार के पास भी कोई फ्लड पालिसी नहीं थी। आज मैं एक बाढ़ नीति की मांग करता हूं, एक बाढ़ मंत्रालय की मांग करता हूं और बाढ़ विभाग की मांग करता हूं यानी फ्लड पालिसी, फ्लड डिपार्टमेंट, फ्लड टेक्नालाजी और फ्लड मिनिस्ट्री की मांग करता हूं। इसलिये जरूरत है कि ये पुल, पुलिया बनाने वाले इंजीनियर जो इंगलैंड में घूमने के लिए गये या यू०एन०ओ० में एसाइनमेंट पर गये, उन्होंने फ्लड टेक्नालाजी के बारे में कुछ नहीं सीखा, जो बाढ़ से बचाने वाले पी०डब्ल्यू०डी० के इंजीनियर हैं उन्होंने इस के बारे में कुछ नहीं सीखा। मुहतर्मा, आप देख आई हैं, मैं कहता हूं कि भानु प्रताप सिंह का बस्ती, बांध की वजह से डूब गया। विगत 30 वर्षों में गलत बांध बने हैं और बस्ती जिला और पूर्वांचल की 20 लाख जनता इससे परेशान है। अगर ये बांध न होते, तो आज वह परेशान न होती। मेरे पास एक किताब है, आप थोड़ा सा मुझे समय दीजिए दो मिनट का, मैं उसमें से कुछ पढ़ कर आप को सुनाना चाहता हूं। इसमें यह लिखा हुआ है :

This is from *Floods and Their Control in India* by the Central Water Commission, Ministry of Agriculture and Irrigation :

> "The National Flood Control Programme was launched after the disastrous floods of 1954. During the period of little over two decades a large number of flood protection works has been implemented with an outlay of nearly Rs. 4450 millions. These have benefited an area of 8·5 million hectares out of 20 million hectares requiring protection, which can be economically protected....
>
> The outlay required for these works may be of the order of Rs. 20,000 millions."

अभी तक 6 हजार करोड़ रुपया नदी नालों की बाढ़ों को खत्म करने के लिए सरकार ने खर्च कर दिया है। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि उनके पास फाइल में कोई ऐसा कागज है जिस से यह पता चलता हो कि ब्रह्मपुत्र की बाढ़ घटी, गंगा की बाढ़ घटी, जमना की बाढ़ घटी या पुनपुन, भागीरथी, बूढ़ी गंडक, घाघरा, राप्ती, अरहीं, बांडी राप्ती, छोटी गंडक और शारदा से जो बाढ़ें आती थीं वे घटीं। आप की इन स्कीमों से किसी की भी बाढ़ घटी। मैं सुझाव देना चाहता हूं। आप यह देखिये कि केवल मैदानी इलाके में बाढ़ें रोकने से ये रुकेंगी नहीं।

बाढ़ों को रोकने का जो यह पुराना फर्मा है, पुराना तरीका है, उससे काम नहीं चलेगा। बाढ़ आने पर कहीं पर दियासलाई दे दी और कहीं पर खा हुआ चना दे दिया, हमारे यहां सड़ा चना दिया जा रहा है, इस से कुछ नहीं होगा। मेरा कहना तो यह है कि जहां से नदी निकली है, उसके बारे में आप को अध्ययन करना पड़ेगा, सब नदियों का आप को अध्ययन करना पड़ेगा। हम को गंगा, ब्रह्मपुत्र और दूसरी नदियों की जल प्रणाली का अध्ययन करना पड़ेगा, हमारे इंजीनियर्स को इस बात का अध्यन करना पड़ेगा। आप जरा गौर से सुनें। हिमालय से नकली नदियों का जल समेट क्षेत्र क्या है। हिमालय में कोसी का 23,990 वर्ग मील का जल समेट क्षेत्र है। इतना पानी ले कर वह आती है। करनाली, जो आगे चल कर घाघरा हो जाती है, का जल समेट क्षेत्र 20,600 वर्ग मील, गंडक का 14,600 वर्ग मील, गंगा का 8,900 वर्ग मील, काली का 6,300 वर्ग मील, जमुना का 4,500 वर्ग मील और राम गंगा का 2,600 वर्ग मील है। इतना पानी वे लाती हैं और सब से ज्यादा कोसी का है, 23,900 वर्ग मील। मेरे पास नक्शे हैं, ये देखिये। यह कहां से आता है। हमारे यहां इस का कोई अध्ययन पहले नहीं किया गया है। 1884 में भागीरथी अलखनन्दा में बाढ़ आई थी, मगर 1884 से 1921 तक बाढ़ का कोई काम नहीं हुआ। 1921 में घाघरा में बाढ़ आई और मेरे जिले में तर्तीपार में वह बाढ़ 208 प्वान्ट तक थी। बहुत से गांव पानी में बह गये। 1954 में जब बाढ़ आई, तो मुझे इस बात का फख्र है कि मैंने उस समय एक पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में अपने इलाके में काम किया। 1954 के बाढ़ के बाद केन्द्रीय सरकार ने 4500 करोड़ रुपये का फ्लड कन्ट्रोल का प्रोग्राम बनाया और 4,000 गांवों को ऊंचा किया गया, मगर वह सब योजना बेकार हो गई, मर्ज बढ़ता गया, ज्यों ज्यों दवा की। 4,000 गांव ऊंचे किये गये और आज मैं दावे

के साथ कहता हूं कि गोरखपुर, बस्ती, आजमगढ़, बलिया और देवरिया में एक भी ऐसा गांव आप को नहीं मिलेगा, जो ऊंचा हो। वहां पर जो मिट्टी डाली गई थी, वह सब बह गई। जब वहां पर मिट्टी भरी जा रही थी तो हम ने कहा था कि जो गांव ऊंचा किया जाए, उस पर मिट्टी के ऊपर कंकड़ की परत भी डाल दो और गांव सभा के अध्यक्ष को जिम्मेवार बनाओ। हुआ क्या कि पानी आया और सब मिट्टी बह गई। इसी तरह से रुद्रपुर में भी 125 गांव ऊंचे किये गये थे। वहां 125 लाख रुपया इंजीनियर, ओवरसीयर, ठेकेदार खाकर अपने घर चले गये। बड़े मियां तो बड़े मियां, छोटे मियां सुभान अल्लाह। यह छितौनी बांध 1952 में माननीय सम्पूर्णानन्द जी ने बनाया। उन्होंने कहा था कि वहां कांग्रेस को वोट मिलेगा। 14 मील का बांध 14 लाख रुपये में बन गया। फिर कहा कि वहां कांग्रेस को ज्यादा वोट मिलेगा इसलिए सात मील और बना दीजिए। इस तरह वह 23 मील का बन गया और 27 लाख रुपया उस पर लगा। वह बांध 1954 से कट रहा है। यह एक ही साल नहीं कटा। कई सालों से कट रहा है। इस 27 लाख के बांध पर अब तक 286 लाख रुपये भेंट हो चुके हैं। इसके लिए दोनों उत्तर प्रदेश और बिहार सरकारें पाप की भागी हैं। इससे देवरिया डूब जाता है क्योंकि हम कच्चा बांध बनाते हैं। उधर बिहार में बांध ही नहीं है। इसके कारण वहां 54 लोग मर गये।

मेरे कहने का मतलब यह है कि जो भी आप योजनाएं बनाएं, वह हिमालय के जल को कम करने के लिए योजनाएं बनायें। अभी माननीय मंत्री जी ने जवाब दिया कि आप करनाली का सर्वेक्षण करा रहे हैं। हमारे प्राइम मिनिस्टर साहब और विदेश मंत्री जी नेपाल गये वहां बातचीत हुई। अगर आप करनाली योजना बना देते हैं तो उससे 36 सौ मेघावाट बिजली पैदा होगी। इससे घाघरा की बाढ़ समाप्त, अगर राप्ती की योजना बनाते हैं तो भालू बांग की बाढ़ समाप्त, अगर पंचेश्वर की योजना बनाते हैं तो शारदा की बाढ़ समाप्त होगी। इन सब बाढ़ों से चार करोड़ लोग मुसीबत में हैं। उत्तर प्रदेश में 325 लोग डूब कर मर गये। क्यों मर गये बाढ़ आयी। रुकहट (गोरखपुर) में इंजीनियर आये, और कहा कि बांध, को काट दो। बांध काट दिया गया और दोनों तरफ के पानी आपस में लड़ गये। 24 जुलाई को साढ़े बारह बजे दिन में 65 आदमी नाव पर सवार थे वे डूब गये। छितौनी में 40 आदमी डूब कर मर गये। हवाई जहाज से मरने वालों को एक-एक लाख रुपये का मुआवजा और बाढ़ से मरने वालों को सौ-सौ रुपये का मुआवजा। जरा मुलाहिजा फरमाइये—

"साहिल के तमाशाई अफसोस तो करते हैं
मगर डूबने वालों की इमदाद नहीं करते।"

हम लोग डूब रहे हैं, हमारा सत्यानाश हो रहा है, हमारा सर्वस्व लुट रहा है। हमारे मंत्री जी असम तक सर्वेक्षण कर आते हैं लेकिन कुछ कर नहीं पाते। मैं कहना चाहता हूं कि आप फ्लड कंट्रोल कीजिए। इसके बारे में इलाहाबाद, लखनऊ, कलकत्ता, बनारस विश्वविद्यालयों के लोगों के सेमिनार कराइये। मैंने एक बार विधान सभा में पढ़ कर सुनाया था फ्लड कंट्रोल इन चाइना। हमारे कम्युनिस्ट भाई ने हमें दिया था जिसको पढ़ कर सुनाया था। उसमें लिखा था कि मिस्र में, इजिप्ट में बाढ़ें कैसे रोकी जाती हैं। इस सब का अध्ययन कराइये। आप इन सब बातों का अध्ययन कर इन बाढ़ों को रोकिये।

आपने उत्तर प्रदेश को दो करोड़ रुपया बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए दिया। उत्तर प्रदेश की सरकार ने सौ करोड़ रुपया मांगा था। कम से कम 50 करोड़ रुपया तो देते। मगर बाढ़ों के नाम पर पिछले बीस वर्षों में जरा देखिये कि कितनी कमेटियां बनीं। हमारे पास उनकी लिस्ट है। 1957 में एक कमेटी बनी हाई लेवल आन फ्लड। 1964 में मिनिस्टर कमेटी आन फ्लड कंट्रोल बनी। 1970 में मिनस्टर्स कमेटी आन फ्लड एण्ड फ्लड रिलीफ बनी। 1963 में फ्लड फोरकास्टिंग कमेटी बनी। 1965 में छितौनी बंध टेक्निकल कमेटी बनी। 1971 में गण्डक हाई लेवल कमेटी बनी। इतनी कमेटियां बना कर पैसा खाया गया है। इन सब कमेटियों के बनने के बाद नुकसान कितना हुआ? यह भी देखिये।

1953 से 1976 तक जो नुकसान हुआ वह इस प्रकार है—52.6 लाख हैक्टेअर जमीन उत्तर प्रदेश में डूब गयी, 26.5 लाख हेक्टेअर जमीन में फसलों का नुकसान हुआ। 24,718 लाख रुपये की कुल क्षति हुई। सारे भारत में 76 लाख हेक्टेअर जमीन में फसल का नुक्सान हुआ। 88,601 लाख रुपये का कुल नुक्सान इस तरह से सारे भारत में हुआ। यह कमेटियों का हाल रहा। अब जरा मंत्रियों को देखिये क्या लिखते हैं। 5 अगस्त का माननीय रामनरेश यादव का पत्र, लिखते हैं कि राजस्व सचिव को निर्देश दिये जा रहे हैं। माननीय बरनाला जी का 27 जुलाई का पत्र मिला, लिखते हैं कि इस विषय को मैं देख रहा हूं, यह भालूवाड़ और करनाली परियोजनाओं के बारे में लिखा था। माननीय शारदा भक्त सिंह लिखते हैं कि इस मामले को दिखलवा रहा हूं। यह 21 जुलाई का पत्र है। माननीय रामनरेश यादव का 27 जुलाई का पत्र मिला, लिखते हैं कि इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करवा रहा हूं। श्री हर नारायण मेहरोत्रा, सिंचाई सचिव, उत्तर प्रदेश लिखते हैं कि माननीय सिंचाई मंत्री दौरे पर गये हैं जब आयेंगे तो गोरखपुर की बाढ़ का हाल उनके सामने रख दूंगा। इस जबानी मरहम लगाने से काम नहीं होने वाला है। आप फ्लड पोलिसी बनाइये, नदियां जो हिमालय में हैं उनको कंट्रोल करने के

[ श्री उग्रसेन

लिये नेपाल से मिल कर योजना बनाइये और काम चालू कीजिये । और हमारे सिंचाई मंत्री ने नई स्कीम रखी है । कोई नई स्कीम नहीं । पुरानी योजनाओं पर काम कीजिये । मेरे मित्र सुन्दर लाल बहुगुना ने खत लिखा है कि "गंगा मैया रूठ गई है" कि गंगोत्री क्षेत्र में, ब्रह्मपुत्र घाटी में, करनाली घाटी में सारे पेड़ काटे जा रहे हैं जिसके कारण रेत बह कर नदियों में आता है और नदियों की बैड्स ऊंची हो जाती हैं, साथ ही पहाड़ों का इरोजन होता है और भू-स्खलन होता है जैसा उत्तरकाशी में हाल ही में हुआ है परिणाम स्वरुप डबरानी में झील बन गई है । यह राष्ट्रीय समस्या है, जहां इन्सानियत डूबती है तो फिर क्या किया जाय । हम लोग जो पूर्वान्चल में बहराइच से देवरिया तक रहते हैं आसमान की तरफ देख रहे हैं और सरकार से बहुत उम्मीदें लगा रखी हैं, आपको कुछ करना होगा । मुझे आशा है माननीय बरनाला जी जो मानवीय हृदय रखते हैं जरूर इसके बारे में कोई ठोस कदम उठायेंगे जिससे इस समस्या का हल निकल सके ।

श्री भगत राम : (फिलौर) : डिप्टी स्पीकर साहब, हर साल भारत में बाढ़ आती है और हमारे देश के करोड़ों लोग बाढ़ से पीड़ित होते हैं और हर साल ही हमारी सरकार उन बाढ़ पीड़ितों को राहत देने का दावा करती है और उनमें से बहुतों को मिलती है, बहुतों को नहीं मिलती है । इस तरह से लगातार हजारों साल से हमारा देश बाढ़ पीड़ित होता जा रहा है । पिछले 30 साल में देश पर कांग्रेस का राज्य चलता रहा, कांग्रेस से लोगों को बड़ी-बड़ी उम्मीदें थीं और उसने वायदे भी किये थे और हर चुनाव पर वायदे करते थे कि गरीबी दूर करेंगे, भुखमरी दूर करेंगे । बाढ़ पीड़ितों को और दुखी लोगों को राहत पहुंचाने के वायदे किये हैं और बड़ी-बड़ी स्कीमें भी बनायीं, उन पर अमल भी किया । लेकिन हालत यह है अगर पिछले रेकार्ड को देखा जाये तो मालूम होगा कि बावजूद स्कीमें बनाने के और उन पर अमल करने के हर साल लगातार लोगों को बाढ़ से नुकसान हो रहा है और बाढ़ कम नहीं हुई है । प्रोजेक्ट भी बने हैं, बांध भी बनाये गये हैं, लेकिन उनसे और प्रौबलम्स क्रीएट हुई हैं और ज्यादा लोग प्रभावित हो रहे हैं बाढ़ से । और एक अंदाजे के मुताबिक, जो सरकारी आंकड़े हैं, हर साल लगभग 7.4 मिलियन हैक्टर जमीन बाढ़ से प्रभावित होती है । और उसमें से 3 मिलियन जमीन बहुत फसल वाली जमीन है । लगभग 2104 मिलियन रुपये का हर साल नुकसान होता है । इसके बिना लाखों मवेशी, सैकड़ों-हजारों लोग बाढ़ से प्रभावित होते हैं और मरते हैं । इस तरह से बहुत जानी और माली नुकसान होता है । लेकिन हम देख रहे हैं कि फिर भी सरकार ने कोई ऐसी स्कीम नहीं बनाई है जिससे लोगों को राहत मिल सके ।

इसका कारण यह है कि सरकार ऊपर के लेबल पर स्कीमें बना लेती है और वह स्कीमें जब अमल में लाई जाती हैं तो उस समय होता क्या है कि उस स्कीम के बावजूद भी किसी न किसी तरीके से लोग प्रभावित हो जाते हैं । जो स्थानीय लोग बाढ़ के शिकार होते हैं, उनसे राय-मशिवरा भी नहीं लिया जाता है और उनके बार-बार कहने के बावजूद भी उनकी राय नहीं मानी जाती है । उनको ज्यादा पता होता है कि कहां बांध बनाया जाये तो ठीक रहेगा, लेकिन उनकी बात को माना नहीं जाता है । वह कहते हैं कि ड्रेन पर गेट लगाना चाहिए जिससे नदी का पानी वापिस न आये, लेकिन उनकी बात को मानते नहीं हैं ।

हमारे पंजाब में अभी 50 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं । पिछले साल भी लाखों लोग प्रभावित हुए थे । 10,000 से ज्यादा आदमी लगातार 3 दिन तक बाढ़ में घिरे रहे हैं । घूसी में 1975 में 5 लाख रुपये ठीक करने के लिए सेंक्शन किये गये थे, लेकिन उसको बनाया नहीं गया, ठीक नहीं किया गया और बहुत सी बार घूसी बांध टूट चुका है ।

फिलौर के पास एक बांध के बारे में लगातार सरकार को कह रहे हैं, कई सालों से, कि इसका पानी वापिस आ जाता है और लोग बाढ़ की लपेट में आ जाते हैं । वहां फ्लड गेट होना चाहिए जिससे बाढ़ का पानी न आय । आस पास के लोग जो भी सरकार को कोई सलाह-मशिवरा देते हैं कि बांध बनाना चाहिए, सरकार उसको मानती नहीं है । यही कारण है कि जैसे जैसे स्कीमें बनती जा रही हैं, वैसे-वैसे फ्लड घटने के बजाये या तो उसी तरह से आ रहा है, या बढ़ता जा रहा है । इसलिए मैं सरकार से अपील करूंगा कि यहां सेंट्रल लेबल पर कोई ऐसी स्कीम बननी चाहिए जिससे सारी स्टेट्स का को-आर्डिनेशन हो और वैल प्लाण्ड काम हो । उससे एक लांग टर्म की स्कीम बनाई जा सके जिससे पूरे देश के फ्लडज को कण्ट्रोल किया जा सके ।

उपाध्यक्ष महोदय, अभी आपके सामने हमारे डाक्टर साहब ने कुछ मिसालें दी हैं और श्री उग्रसैन जी ने भी कहा है कि उसके लिए एक खास मिनिस्ट्री होनी चाहिए, ताकि ठीक ढंग से फ्लड्ज को कंट्रोल किया जा सके और अच्छी प्लान बन सके ।

मैं यह भी आपको बताना चाहता हूं कि हर साल बाढ़ पीड़ितों के लिए सरकार कुछ मुआवजा देती है, लेकिन वह मुआवजा लोगों के पास पूरा नहीं पहुंचता है, रास्ते में ही गायब कर दिया जाता है । इससे लोगों का जो नुकसान होता है, उनको पूरा मुआवजा नहीं मिल पाता है । खास कर जो जमीन बर्बाद हो जाती है, उसको ठीक करने के लिए कोई काम नहीं हो पाता है ।

लोग कई कई साल तक मेहनत कर के अपने आप उसको ठीक करते हैं। इसलिए मैं सरकार से विनती करना चाहता हूं कि वह इसकी तरफ ध्यान दें ।

हम देखते हैं कि बिहार में और यू० पी० में कई स्थानों पर सैकड़ों आदमी बाढ़ से मरे हैं, लेकिन यह सरकार सोई हुई लगती है । सरकार को पता होना चाहिए कि बाढ़ और बरसात का मौसम है, उनके पास फ्लड फोरकास्टिंग और वार्निंग का साधन भी है, उसके माध्यम से उसे लोगों को पहले बता देना चाहिए कि फ्लड् आने वाला है। आपको प्रबन्ध करना चाहिए और लोगों को मदद देनी चाहिए जिससे लोग बाढ़ में घिर कर मर न जायें ।

पिछली सरकार की बात तो हम मान सकते हैं, लेकिन नई सरकार जिसने अभी डेढ़ साल पहले लाखों करोड़ों लोगों का प्रेम जीता है, अगर वही लोगों की परवाह नहीं करती है तो सिर्फ इसका मैं कारण मानता हूं, कि जहां इन की वही पुरानी पालिसीज, ब्यूरोक्रेटिक पालिसीज रही हैं वहां इस का कारण यह भी है कि ये आपसी लड़ाई में बुरी तरह फंसे हुए हैं जिस के कारण इन का लोगों की तरफ ध्यान नहीं है । जितने भी गवर्नमेंट में लोग हैं वे अपनी मनमानी कर रहे हैं और सरकार की कोई परवाह नहीं कर रहा है, न लोगों की कोई परवाह कर रहा है । इसलिए मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि एक लांग टर्म स्कीम बनाई जाय और इस के साथ साथ मैं यह भी उन से कहूंगा कि अपनी लड़ाई बेशक चाहे जैसी मर्जी आए जारी रखें लेकिन लोगों की तरफ ध्यान दें। अगर आप लोगों की तरफ ध्यान नहीं देंगे, उन को राहत नहीं पहुचाएंगे तो लोग आपको माफ नहीं करेंगे ।

म यह सुझाव दूंगा कि दरियाओं पर डैमों और बांधों को ज्यादा मजबूत किया जाय और जो बाढ़पीड़ित लोग हैं उन को रिहायश के लिए, खाने के लिए, उनकी दवा के लिए, उनके पशुओं के चारे के लिए और उन को फिर से बसाने के लिए फौरी कदम उठाया जाय। जो उन के ऊपर कर्ज है उस की मंसूखी की जाय और जितना भी उन का नुकसान हुआ है उस को पूरा किया जाय। सेंटर से मैं अपील करूंगा कि जो भी बाढ़ पीड़ित प्रान्त हैं चाहे वह बिहार हो, यू० पी० हो, पंजाब हो या हिमाचल प्रदेश हो उन को सेंटर की तरफ से ज्यादा से ज्यादा मदद दी जाय ।

SHRI SURATH BAHADUR SHAH (Kheri) : Mr. Deputy Speaker, Sir, it is useless to shed crocodile tears. Year after year, the same calamity, the same danger and the repetition of the same shedding of crocodile tears.

Sir, floods in our country have become a perennial problem and a serious thought has to be given to this problem. It requires a long-term scheme. I do not know what happened to the previous schemes. Sir, when I was in school, the geography class teacher used to ask us a qustion, "What do you call 'The sorrow of China'" ? You know, Sir, it was the river Whong Ho. Sir, China got its freedom two years later than us. That 'Sorrow of China' has disappeared but this sorrow of India perpetuated for 30 years by the Congress and Madam Gandhi's rule has kept us where we were. This shows that we have not paid any attention to this very serious problem.

It is not a question of relief. It is not a question of giving a few boxes of matches or candlesticks or gram to those who are in distress. It is a question of not allowing the situation to arise and that can only be possible when you have a long-term scheme.

There was a scheme made out which was known as the Flood-Commission. It was constituted under the Chairmanship of Shri Jaisukhlal Hathi. The result of which is only known to either the Congressmen of the past or to God. We never knew what happened of it.

Now comes the question of calamities due to floods...... (*Interruptions*) That is why I am drawing the attention of the hon. Members that it is not a question of paying any lip sympathies or giving some relief. What is wanted is a long-term scheme in order to eradicate completely the yearly occurrence of floods in our rivers. Sir, it is not a question of helping the people. Once they are in distress, that has to be done. But it is a question of eradicating the menace of flood scourge altogether. The hon. member from Bhagalpur very rightly said that it is on account of the silting, cutting of trees in the catchment areas and distribution of small pieces of land. This not only makes the land holding more and more uneconomical but also results in more and more deforestation. Our land laws are such that the people want to cut trees and sell them and the land and thereby earn money as quickly as possible. (*Interruptions*). We have finished with the landlords already.

Coming to silting of rivers, I would say that crores and crores of rupees are spent on dams. They are built unscientifically and recklessly. Canals are made by Engineers with no regard to the drainage Act. There is an act called as the North-India Canal Drainage Act but not much attention was paid to this at all. Money is used not for the floods. It is drained into the floods. It goes to the contractors, to the overseers and to the engineers. Of course,

[Shri Surath Bahadur Shah]

a little of it also goes to the labourers and daily wage earners. Why little? Because false rosters are prepared. If 200 people are shown as working and money might have been given to half of those shown in the rosters. The rest of it is distributed among all the others.

Very little money is spent on dredging. They will say that it is very costly as the machine costs a lot. But, it is better to buy machines for the dredging because that will serve two purposes—it will deepen the channel and the mud may be used for raising the natural bunds. Sir, the river does not flow straight. It is not like building a bund in Lucknow. The rivers flow zig zig. So our bunds are also zig zig.

You will see that most of the ravages of floods are on account of the breaking of the bundhs. Why? Because they are made unscientifically and wrecklessly. So much of money is being poured on floods every year. If you buy dredging machines, they will serve both the purposes—they will serve the purpose of deepening of the channels and the mud will also help in erecting the bunds.

On silting, you will notice that most of the ravages of floods that are taking place in India. Floods used to take place formerly also the frequency has increased within the last fifty or sixty years. But the effect was not so much formerly. Why? Because of the expanse of area; now the roadbuilding is haphazard and drainage is bad as a result of haphazard roadbuilding.

If you say anything to the great technologists they say that it is a slur on their intelligence if anything is said about the canal building. But the fact remains that it is not so. You will notice that in the railway lines, the breath is not so much. That is because the culverts and bridges are at the proper places. The result is that there is no water logging.

MR. DEPUTY SPEAKER: Your time is up.

SHRI SURATH BAHADUR SHAH: I would request you to give me a few minutes because I speak very rarely.

MR. DEPUTY SPEAKER: I cannot give you time on this. I shall allow you two more minutes.

SHRI SURATH BAHADUR SHAH: I am finishing in two minutes. My hon. friend from Bhagalpur had given a descriptive picture, so I have very little left to say. But the question is that it should be done.

Now, Sir, I was reminded from that side that it is the tradition of the House that a maiden speech should not be disturbed. I think it should be maintained. But it is also a tradition that once you take part in a debate you have got to sit and listen to what others say. I am sorry that the hon. member from Azamgarh and the President of the U. P. Congress just blurted out something and disappeared.

SHRI VASANT SATHE (Akola): He is not correct. That applies only to the Mover of a particular Resolution.

SHRI SURATH BAHADUR SHAH: I know Parliamentary etiquette Mr. Sathe. So, don't try to teach me.

AN HON. MEMBER: Why disturb a maiden speech?

SHRI VASANAT SATHE: He is also a maiden......

MR. DEPUTY SPEAKER: He is not a maiden but he is making a maiden speech.

श्री मनी राम बागड़ी: (मथुरा): मुझे दु:ख है कि यहां पर बाढ़ जैसे सवाल पर बात हो रही है और उस से वे लोग दु:खी हैं और आपस में यहां आप लोग मजाक करते हो। लोगों के दु:ख दर्द को याद रखो और हंसी मजाक बन्द करो।

श्री सुरथ बहादुर शाह: आप इस को मजाक समझते हैं। मेरा यह दुर्भाग्य है कि मैं अपने को समझा नहीं पाया सम्मानित सदस्य को। मैं शुरू से फ्लड पर बोल रहा हूं और वे मेरे ऊपर लांछन लगाते हैं कि मैं मजाक कर रहा हूं। .. (व्यवधान)...

श्री मनी राम बागड़ी: मैं आप पर लांछन नहीं लगा रहा हूं।

श्री सुरथ बहादुर शाह: मैं अपने शब्द वापस लेता हूं।

मैं यह कह रहा था कि आजमगढ़ की जो माननीय सदस्या हैं और जो उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा हैं, उन्होंने जो फरमाया था उससे मुझे बहुत आश्चर्य हुआ जो उन्होंने यह कहा कि वहां के आफिशयल्स का निकम्मापन है। उनके यही शब्द थे अगर रिकार्ड में आए होंगे। मुझे आश्चर्य इस बात का हुआ कि बजाय उन को निकम्मा बताने के, उनकी तो प्रशंसा करनी चाहिए थी कि उन के निकम्मेपन की बदौलत श्रीमती इन्दिरा गांधी ने यह नाटक रचा कि टखने पानी में जा

कर उन्होंने कहा कि मैं पीड़ित हूं तुम्हारे दुःखों को देख कर और मैं मरी जा रही हूं। 30 वर्ष तक कोई दुःखी नहीं हुए थे और अब सब यकायक दुःख से मरे जा रहे हैं। हम इतने इतने पानी में डूब कर और तैर कर जाया करते थे तब नहीं बोले और आज कहीं पर माचिस बांट दी और कहीं पर चना बांट दिया, तो इस तरह चिल्ला रहे हैं। यह तो हमारा फ़र्ज है। अपने क्षेत्र को देखना हमारा फ़र्ज है और मैं आप को बताना चाहता हूं कि हमारा क्षेत्र तो ऐसा है जहां आदमी बसते हैं और उस के साथ साथ शेर भी बसते हैं, जानवर भी बसते हैं और हमें उन की देख रेख भी करनी पड़ती है ताकि वह बस्ती में... (व्यवधान)...

उपाध्यक्ष साहब, मैं आप का आभारी हूं कि आप ने मुझे बोलने का समय दिया।

*DR. P. V. PERIASAMY (Krishnagiri) : Hon. Mr. Deputy Speaker, Sir, I am very grateful to you for giving me an opportunity to participate on behalf of my party the All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam in the discussion on the prevalent flood situation in the country.

Floods in our country are not a rare phenomenon but a recurring one year after year. Fervent appeals and passionate pleas are made on the floor of this House about the relief measures to be adopted for the flood-afflicted people. The newspapers flash the Ministers looking down from their planes at the flood havoc on the earth, but never feature the pitiable plight of the suffering people. In the northern parts of the country 40% of the cultivable area is inundated by the swirling flood-waters and in the sourhtern States 60% of the cultivable area is affiicted by drought. Perhaps our country alone is the victim of this twin problem of floods and drought and that too year after year.

The rivers of worship becomes rivers of woe, converting places of religious importance into spots for the last rites of those drowned in their floods. It is estimated that the annual loss on account of floods is of the order of Rs. 1800 crores to foodgrains alone, besides the destruction of farmers' properties, their cattle etc. The after-effect of floods is also considerable. The drinking water gets contaminated, which spreads virus diseases like jaundice, typhoid, malaria etc. The sacred places like Banaras, Allahabad etc. on the banks of rivers, which are visited by the people from all over the country, become vitiated. They become a vast cremation ground. The people who go to wash their sins in these rivers are themselves washed away by the flood-currents. This narration of untold miseries of the masses subjected to the future fury of nature is not, as I said before, new to this House. Yet we are compelled to refer to them because of the inadequate steps taken by the Government to avert such recurring calamities and also because of the absence of a well-planned plan of action in this regard. Here it is relevant to mention that every one is ready to share the nature's bounties but none is prepared to bear the brunt of nature's frown and fury except our people in the rural areas engaged in the noble task of feeding the entire nation. The farmers are left alone to fend for themselves in this hour of crisis.

The Government have invested enormous amounts in industries but they have not generated enough employment opportunities, excepting for those near and dear ones of the industrialists. If there is fire or theft in the industry, there is the insurance facility from which they get back their money. If fatal accidents take place either in air travel or in train journey, compensation is paid to the dependents of victims. But there is no such facility for the farmers who lose their crops in floods. Their dependents do not get monetary assistance from any source if their bread-winners are drowned in floods. There is no crop insurance facility for them. As you have multiple financial institutions which supplement and augment the needs of the industrialists, unfortunately there is not even one high-level financial institution to exclusively help agriculture in the country, though agriculture is the main-stay of the country, and it alone can generate enough employment opportunities for ever-increasing population of the country. If only the Government had implemented flood-control schemes which would have saved by now thousands of crores of rupees lost in floods, if only the Government had invested 50% of what they have done in the industries in agriculture, by now we would have become the premier foodgrains producing nation in the world. You know, Sir, that several hundred crores of foreign currency are invested in industries, which have only helped the rich to become richer. For want of massive investment in agriculture, the poor has become pauper during the past three decades. While the net national product has gone up, the per capita income of the agriculturist has declind. The people who feed the nation are not getting enough to feed themselves, to clothe themselves and to protect them-

*The original speech was delivered in Tamil.

[Shri P.V. Periasamy]

selves and their family from sun and showers. It is really unfortunate that we have not been able to wipe out the tears of starving children, men and women in the country.

Here, I would like to point that in Russia even desert has been made into a vast fertile field yielding tonnes and tonnes of foodgrains. Today Russia heads the comity of nations in the matter of food production. If such impossible things can be done in this modern world, imagine what our farmers can do if they are helped financially and technically. Indian nation would be the world's granary.

